**लाठीचार्ज** कुठला क्षेत्र के इंदिरा नगर में पथराव करने से भड़की पुलिस, वर-वधु पक्ष के एक दर्जन से अधिक लोग घायल

# शादी समारोह में लाठीचार्ज, दो एसआई लाइन अटैच

**नवभारत,कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत इंदिरा नगर क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान दो पक्षों के विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस पर पथराव के बाद जमकर बवाल हुआ। पुलिस कर्मियों पर पथराव की सूचना पर मौके पर काफी संख्या में पहुंचे पुलिस बल ने लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस द्वारा भांजी गई लाठियों से वर और वधु पक्ष के लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं इस मामले के प्रारंभिक जांच में अनुचित आचरण पाए जाने पर बस स्टैंड चौकी प्रभारी एसआई सिद्धार्थ राय और कुठला थाने में पदस्थ एसआई सौरभ सोनी को लाइन अटैच कर दिया गया है। मारपीट का शिकार हुए



पक्ष के लोगों का कहना है कि पुलिस की पिटाई से दुल्हन के भाई आकाश चौधरी और दूल्हे के चाचा सहित कई लोगों के हाथ फ्रैक्चर हो गए जबकि कुछ के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस लाठी चार्ज से 14 घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इस मामले की शिकायत मंगलवार को पीड़ित पक्ष ने एसपी कार्यालय में जनसुनवाई में भी की है। जिसके बाद ही एएसपी अभिनव विश्वकर्मा ने एसआई सिद्धार्थ राय और एसआई सौरभ सोनी को लाइन अटैच कर दिया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें पुलिसवाले बारातियों पर लाठियां बरसाते दिख रहे हैं। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर कुर्सियां भी फेंकी। दूसरे वीडियो में पुलिसकर्मी दूल्हा-दुल्हन समेत कुछ लोगों को गाड़ी में बैठाती नजर आ रही है। इसी दौरान किसी ने लोटा फेंका, जो एक कॉन्स्टेबल के सिर में लगा। जानकारी के अनुसार मैहर जिले के अमदरा गांव निवासी सीताराम बर्मन के परिवार की बारात कटनी के इंदिरा नगर आ रही थी। जिस गाड़ी में दूल्हा बैठा था, वह रास्ते में खराब हो गई। इसके कारण बारात करीब दो घंटे देरी से लगी। रात करीब डेढ़ बजे जब बारात, दुल्हन के घर से 50 मीटर दूर थी, तभी कुठला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने बिना किसी बातचीत के बारातियों को धक्का देना शुरू कर दिया। बारातियों द्वारा विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। इसके बाद पुलिस मौके से चली गई। पीड़ित पक्ष ने बताया कि पुलिस ने घर के अंदर घुसकर भी मारपीट की। इस दौरान बीच-बचाव करने आई महिलाओं और बच्चों को लाठी-डंडे मारे। इससे दुल्हन के भाई आकाश चौधरी और दूल्हे के चाचा सहित कई लोगों के हाथ फ्रैक्चर हो गए हैं। कुछ लोगों के सिर में गंभीर चोटें भी आई हैं। पुलिस लाठी चार्ज में जिन लोग घायल हुए हैं, उनमें संजय चौधरी, मनोज कुमार चौधरी, आकाश चौधरी, रमेश चौधरी, सुमन बाई, राजकुमार चौधरी, अजय चौधरी, भगवती चौधरी, नीरज चौधरी, विकास चौधरी, सुदामा चौधरी, शुभम चौधरी, सीताराम वर्मा, श्रोती वर्मा का नाम शामिल है। वहीं इस मामले में सीएसपी नेहा पच्चीसिया का कहना है कि बारात लेट होने को लेकर दोनों पक्षों का आपस में झगड़ा हो गया था। जिसके बाद डायल 112 को कॉल करके बुलाया गया। मौके पर मौजूद कई लोग नशे में थे। पुलिस उन्हें समझा रही थी, इसी दौरान बारातियों की ओर से पुलिसकर्मियों पर पथराव किया गया। पथराव में चार से पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।



# रेलवे जीएम ने किया विंडो निरीक्षण, देखी व्यवस्था

**रेलवे ट्रैक की गुणवत्ता सिग्नलिंग प्रणाली को परखा**

**नवभारत,कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह मंगलवार को जबलपुर से मानिकपुर रेल खंड के निरीक्षण पर निकले। विशेष रैक के माध्यम से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए जीएम दोपहर में कटनी स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने रेलवे के सुरक्षा मानकों और परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जीएम ने ट्रैक की गुणवत्ता, सिग्नलिंग प्रणाली और ओएचई लाइनों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय रेल अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। उनहोने ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी पहलुओं की जांच। यात्री ट्रेनों के संचालन में देरी को कम करने और समय पालन में सुधार के निर्देश। जारी विकास कार्यों की प्रगति और आगामी मानसून को देखते हुए तैयारियों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने फील्ड अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि रेल संचालन में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। उन्होंने संरक्षा से जुड़े उपकरणों के रखरखाव और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया। गौरतलब है कि जबलपुर से मानिकपुर तक का यह विंडो निरीक्षण रेल खंड की वर्तमान स्थिति को समझने और यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

## एक नजर में



### अवनी ने 12 वीं में हासिल किए 84 .8 प्रतिशत अंक

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के सिलौंडी की प्रतिभाशाली बेटी अवनी जैन ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 84.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर जैन समाज का नाम गौरवान्वित किया है। अवनी जैन, पिता दीपेंद्र जैन, ने अंग्रेजी माध्यम से कॉमर्स संकाय में यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है । वे महर्षि विद्या मंदिर वनहेरी की छात्रा हैं । सिलौंडी के प्रतिष्ठित जैन परिवार की बेटी की इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी की लहर है । समाजजनों और शुभचिंतकों ने अवनी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आपको बतादें कि इस बार बोर्ड परीक्षा परिणामों में ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष की लहर है।

# परशुराम जयंती पर बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

**चाणक्य ब्राम्हण महासभा द्वारा किया गया आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर जिला अस्पताल रोड स्थित परशुराम मंदिर प्रांगण में बटुक बालकों का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ।इस दौरान मंदिर परिसर में महिलाओं और पुरुषों की भारी सहभागिता देखने को मिली।चाणक्य महासभा के अध्यक्ष पंडित रमाकांत पप्पू दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम मंदिर में चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के पहले दिन



मेहंदी माहवर महिला मंडल द्वारा रामायण मंडल का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 200 से 250 महिलाओं ने भाग लिया।दूसरे दिन भजन संध्या का आयोजन हुआ, वहीं परशुराम जन्मोत्सव पर भगवान का विधिवत अभिषेक एवं पूजन कराया गया।सोमवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर 21 बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया, जिसमें बटुकों के परिजनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।

# बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर, होम डिलेवरी बंद, मनमानी शुरू

**चिलचिलाती धूप में कतार में खड़े होने को मजबूर उपभोक्ता**

**नवभारत, बाकल।** जिले के बाकल क्षेत्र में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिलेंडर बुकिंग के बावजूद हफ्तों तक डिलीवरी नहीं हो रही। एजेंसी स्तर पर होम डिलीवरी व्यवस्था ठप्प है। सुबह से ही महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग के लोग एजेंसी के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आते हैं, इसके बावजूद भी कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। स्थानीय उपभोक्ता शिव विजय नारायण



सिंह राजपूत सहित कई लोगों ने बताया कि एक सप्ताह पहले गैस खत्म होने के बाद उन्होंने कंपनी के नंबर पर बुकिंग कराई थी। 21 अप्रैल की स्लॉट बुकिंग का मैसेज भी प्राप्त हुआ और ओटीपी भी आया, लेकिन जब एजेंसी पहुंचे तो उन्हें साफ मना कर दिया गया। आरोप है कि बाकल स्थित समर्थ सेवा एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी के कर्मचारी मुकेश जैन ने उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार करते हुए कहा जहां शिकायत करना है कर दो, सिलेंडर नहीं मिलेगा। अन्य उपभोक्ताओं ने भी इसी तरह की समस्या बताते हुए कहा कि बुकिंग के कई दिन बाद भी डिलीवरी नहीं हो रही। एजेंसी प्रबंधन द्वारा होम डिलीवरी बंद करने की बात कही जा रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में एक ही एजेंसी होने के कारण पूरा दबाव उसी पर है, जिससे अव्यवस्था और बढ़ गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि होम डिलीवरी बंद होने के बावजूद उनसे डिलीवरी चार्ज वसूला जा रहा है। विवाह सीजन के चलते गैस की मांग बढ़ गई है। ऐसे में सिलेंडर की कमी ने परिवारों की चिंता और बढ़ा दी है। कई लोगों को वैकल्पिक इंतजाम करने पड़ रहे हैं, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वहीं इस मामले में गैस एजेंसी संचालक शैलेन्द्र जैन का कहना है कि एक गाड़ी में लगभग 350 सिलेंडर आते हैं। लोड से ज्यादा बुकिंग हो जाती है, इसलिए पुराने बुकिंग नंबर वालों को प्राथमिकता दी जाती है। वहीं कनिष्ठ खाद्य अधिकारी पीयूष शुक्ला ने कहा कि गैस एजेंसी के लिए होम डिलीवरी करना अनिवार्य नहीं है। ऑन-व्हीकल वितरण कहीं भी किया जा सकता है।

# श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग पर भाव विभोर होकर कथा स्थल पर झूमे श्रद्धालु

**रीठी में हो रहा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन**

**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी तहसील इन दिनों भक्ति और संगीत के अद्भुत संगम में डूबी हुई है। साहू परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। कथा के चौथे दिन जब श्रीकृष्ण जन्म का पावन प्रसंग आया, तो पूरा कथा पंडाल भक्ति भाव से झूम उठा। कथा वाचक पूज्य श्री रामकेत शास्त्री जी महाराज ने अत्यंत भावपूर्ण शैली में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया। जैसे ही




उन्होंने कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव की पीड़ा और मध्यरात्रि में भगवान के अवतरण का प्रसंग सुनाया, वैसे ही वातावरण 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी भक्ति में सराबोर होकर नृत्य करने लगे। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे मधुर भजनों ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जो मानो गोकुल नगरी की झलक प्रस्तुत कर रहा था।

श्रीकृष्ण जन्म के इस दिव्य प्रसंग ने सभी के मन में अपार श्रद्धा और उत्साह भर दिया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने इस पावन कथा का आनंद उठाया। आगामी दिनों में कथा के अन्य प्रसंगों को सुनने के लिए भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# मूंग-उड़द की खेती से बढ़ा जल सकंट, ग्रामीण परेशान

**टोला ग्राम पंचायत में भीषण जल संकट, तेजी से गिर रहा जलस्तर**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत टोला के ग्राम टोला में इन दिनों भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, मूंग और उड़द की खेती में अत्यधिक पानी की खपत के कारण गांव में पीने के पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। बताया जा रहा है कि खेती करने वाले कुछ किसान कृषि ट्रांसफार्मर के साथ-साथ घरेलू ट्रांसफार्मर से भी अवैध रूप से पंप चलाकर दिन-रात पानी खींच रहे हैं। इतना



ही नहीं, कई स्थानों पर डाइरेक्ट लाइन फंसाकर बिजली का दुरूपयोग किया जा रहा है, जिससे न सिर्फ विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि जलस्तर भी तेजी से गिर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध तरीके से पानी निकालने के कारण गांव के हैंडपंप और बोरवेल सूख गए है जिससे आम लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। साथ ही, कुछ लोगों द्वारा अपने पंप से दूसरे किसान को पानी देकर अवैध रूप से पैसे की वसूली किए जाने की भी शिकायत सामने आई है।

ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से चल रहे पंपों पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में पेयजल संकट से राहत मिल सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी जल्दी संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाता है।

# बाबा साहेब ने जीवन भर सामाजिक न्याय के लिए किया संघर्ष, उनके सपने को पूरा कर रही भाजपा सरकार

**भाजपा कार्यालय में आयोजित गया संगोष्ठी कार्यक्रम**

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आज संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगोष्ठी में राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम, जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, विधायक संदीप जायसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह, कटनी अजजा मोर्चा की जिला प्रभारी एकता ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, शशांक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुखदेव चौधरी ने किया। प्रस्तावना उद्बोधन देते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने बाबा साहेब के जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समानता और सामाजिक न्याय के लिए उनके प्रयास सदैव




प्रासंगिक रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके बताए आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अनुसूचित जन जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने कांग्रेस पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका जन्म महू में हुआ, लेकिन कांग्रेस सरकारों ने उनके जन्मस्थान की उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब से जुड़े स्थलों का व्यापक विकास हुआ है। तेकाम ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के नाम पर केवल वोट बैंक की राजनीति की, जबकि उनके विचारों और सम्मान को नजरअंदाज किया। उन्होंने दीक्षाभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने वहां बेहतर विकास कार्य कराए हैं। राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि ने अपने संबोधन में बाबा साहेब को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि वे एक चलते-फिरते ज्ञान के भंडार थे—लेखक, विधिवेत्ता और समाज सुधारक। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अनेक डिग्रियां हासिल कीं और जीवनभर सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उनके जीवनकाल और निधन के बाद भी उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया। भाजपा सरकार ने डॉ अंबेडकर के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए सबका साथ सबका विकास की कल्पना को साकार किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन शिवकुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर समाज के लोगों का सम्मान भी किया गया।

# मांझी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर नेमचन्द बर्मन मनोनीत

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के मांझी संघर्ष मोर्चा, मध्य प्रदेश के प्रकाश कहार राष्ट्रीय अध्यक्ष व अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय दिल्ली, अजय रैकवार राष्ट्रीय महासचिव सह प्रभारी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ की अनुशंसा पर कहार महासंघ की कोर कमेटी की सहमति पर उमरियापान निवासी नेमचन्द बर्मन (छुट्टू भैया) को जिला अध्यक्ष कटनी के पद पर मनोनीत किया गया है ।संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि नेमचन्द बर्मन समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी विशेष रुचि रही है ।उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए उन्हें



यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर संगठन ने आशा व्यक्त की है कि वे कहार महासंघ की सोच, उद्देश्य एवं सिद्धांतों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही समतामूलक समाज की स्थापना एवं राष्ट्र निर्माण में भी उनका योगदान सराहनीय रहेगा।

**जनसुनवाई** कलेक्टर ने सुनी शिकायत, दिए निराकरण के निर्देश

# नहीं किया जा रहा चौकीदारों के मानदेय का भुगतान, लगाई न्याय की गुहार

**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने 153 आवेदकों की समस्याए सुनीं और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अनिल यादव, रविशंकर, रामप्रसाद कुशवाहा, रामअवतार शर्मा सहित अन्य ने आवेदन देते हुए बताया कि निवार पहाड़ी कटनी में स्थित बर्न कंपनी जो कि पूर्व में बंद हो गई है। जिसे वर्तमान में बर्न कंपनी ने रेलवे को बेच दिया है, में हम सभी बर्न चौकीदारी करते थे। रेलवे के अधिकारियों द्वारा हमें कहा गया कि आप लोग चौकीदारी करते रहो। जबसे हमने कंपनी ली है तब से रेलवे आप सभी का भुगतान



करेगी। लेकिन अभी तक हम सभी को मजदूरी के नाम पर एक पैसा भी नहीं दिया गया। इस पर कलेक्टर ने रेलवे के एरिया मैनेजर को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कटनी निवासी संतोष कुमार दाहिया ने कलेक्टर को संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लिए गए ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान नहीं मिलने की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम खम्हरिया वार्ड नंबर 6 तहसील ढीमरखेड़ा निवासी आवेदिका गंशी बाई ने कलेक्टर को अपनी शिकायत में बताया कि मेरे यहां घरेलू बिजली का कनेक्शन है। पिछले कुछ समय से मेरा बिजली का बिल नहीं आ रहा था। बिजली विभाग से संपर्क करने पर मेरा बिजली का बिल 1 लाख रूपए हो गया है। में मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करती हूं और इस राशि का भुगतान करने में असमर्थ हूं। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को आवेदिका की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं गांधी गंज महात्मा गांधी वार्ड नंबर 9 कटनी निवासी राजकुमार निषाद ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उसका परिवार गरीबी रेखा के अंतर्गत आता है। मेरा मकान जर्जर हो गया है और मेरी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि मैं अपने मकान की मरम्मत करवा सकूं।

कई बार आवेदन देने के बावजूद मुझे पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को पात्रतानुसार शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन के आरएमएम कार्यालय के जनरेटर में लगी आग

**नवभारत, कटनी।** मुख्य रेलवे स्टेशन परिसर स्थित रेलवे मेल सर्विस कार्यालय में मंगलवार शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। यह आग कार्यालय परिसर में रखे एक जनरेटर में लगी थी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही डिप्टी एसएस विजय कुमार कुशवाहा तत्काल एक्शन में आए। उन्होंने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और अन्य रेल कर्मियों के माध्यम आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। उनकी सक्रियता और तत्काल सूझबूझ के कारण आग को आगे फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा रेल हादसा होने से टल गया। राहत की बात यह रही कि इस अग्निकांड में किसी भी प्रकार की जनहानि या धनहानि की सूचना नहीं है। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और रेलवे संपत्ति को सुरक्षित बचा लिया गया है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।




धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ.राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन



डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024